Demand to start Mehsana-Mumbai flights under Regional Connectivity Scheme (RCS)-UDAN (Ude Desh Ka Aam Nagrik)

श्री मयंककुमार नायक (गुजरात)ः माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से नागरिक उड्डयन मंत्रालय का ध्यान उत्तर गुजरात के महत्वपूर्ण औद्योगिक एवं व्यापारिक केन्द्र, मेहसाणा की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। इस क्षेत्र में हवाई सेवा की अत्यंत आवश्यकता है, जिससे क्षेत्र के विकास को गति मिल सकती है। मेहसाणा स्वयं न केवल एक औद्योगिक और शैक्षणिक केन्द्र है, बल्कि इससे निकटवर्ती जिले पाटन, बनासकांठा और राजस्थान से सटे जिले हैं। इससे ये सभी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। इन जिलों से नागरिकों को चिकित्सा, शिक्षा, व्यापार एवं रोजगार हेतु मुम्बई जाना होता है। उड़ान, 'उड़े देश का आम नागरिक' योजना के अंतर्गत मेहसाणा से मुम्बई और मुम्बई से मेहसाणा की एक फ्लाइट शुरू की जाने से इस क्षेत्र का जो development है, वह development तेजी से होगा। हमारे यहाँ ONGC है, यहाँ मारुति का प्लांट लगा हुआ है, होंडा का प्लांट लगा हुआ है। माननीय मोदी जी जब गुजरात के मुख्यमंत्री थे और अभी प्रधान मंत्री के तौर पर, उनके नेतृत्व में यहाँ industrial development और agricultural development भी ज्यादा हुआ है। पूरे नॉर्थ गुजरात के अंदर tourism circuit भी develop किया जा रहा है। जैसे पाटन में हमारी रानी की वाव है, माननीय मोदी जी ने उसकी प्रतिकृति 100 रुपए के नोट पर भी रखी है। उस स्थल को देखने के लिए भी पूरे देश से लोग आ रहे हैं।

उपसभापति महोदय, मेहसाणा में अभी हवाई पट्टी भी मौजूद है। उस हवाई पट्टी पर पायलट ट्रेनिंग स्कूल भी चलता है। पायलट ट्रेनिंग स्कूल चलने की वजह से हमारे यहाँ से गुजरात और देश को नए-नए पायलट्स भी मिलते हैं। आपके माध्यम से मेरा यही निवेदन है कि अभी मेहसाणा भी महानगर बन गया है। अगर इसको मुम्बई के साथ air connectivity मिल जाए, तो इसके कारण हमारे यहाँ जो व्यापारी हैं, हमारे यहाँ जो industrialists हैं, हमारी जो जनता है, उनको बड़ी सुविधा होगी। यहाँ पूरा tourism development हो रहा है। मेहसाणा माननीय प्रधान मंत्री जी का जिला है। यहाँ भगवान बुद्ध के पुरातात्विक साक्ष्य भी निकले हैं। यहाँ archeology का museum भी है। देश और दुनिया से भी लोग यहाँ आ रहे हैं।

उपसभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री से यही निवेदन है कि जल्द से जल्द उड़ान योजना के अंतर्गत मेहसाणा से मुम्बई और मुम्बई से मेहसाणा की connectivity करते हुए एक हवाई सेवा शुरू की जाए। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यही request करता हूँ। धन्यवाद।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The following hon. Members associated themselves with the matter raised by hon. Member, Shri Mayankkumar Nayak: Shri R. Girirajan (Tamil Nadu), Dr. Sasmit Patra (Odisha), Dr. Fauzia Khan (Maharashtra), Shri M. Mohamed Abdulla (Tamil Nadu), Shri Dhananjay Bhimrao Mahadik (Maharashtra), Shri Mahendra Bhatt (Uttarakhand) and Shri Madan Rathore (Rajasthan).

Shri Sant Balbir Singh; Concern over the increasing pollution in the major rivers of the country. He will speak in Punjabi.